**Wall Street Derivatives and Financial Services India Private Limited has been included in the above table for presentation purposes, considering that it is a Promoter/Promoter Group entity and the Equity Shares accepted under the Buy-back constitute approximately 0.99% of the total Equity Shares bought back, which is marginally below the 1% disclosure threshold.*

3.3. The shareholding pattern of the Company Pre and Post Buy-back is set forth below:

| Category of Shareholder | Pre-Buy-back* | | Post-Buy-back# | |
|---|---|---|---|---|
| | Pre - Buy-back* No. of Equity Shares | % to the existing Equity Share Capital | No. of Equity Shares | % to the Post Buy-back Equity Share Capital |
| Promoter & Promoter Group | 2,51,55,310 | 36.15 | 2,24,68,156 | 35.00 |
| Foreign Investors (including Non-Resident Indians / FIIs/ Foreign Nationals/ Foreign Corporate Bodies | 9,13,544 | 1.31 | 4,17,17,590 | 65.00 |
| Financial Institutions/ Banks/ Mutual Funds/ Insurance/ Government Companies | - | - | | |
| Others (Individuals, Bodies Corporate, Employees, etc.) | 4,35,16,892 | 62.54 | | |
| **Total** | **6,95,85,746** | **100.00** | **6,41,85,746** | **100.00** |

** As on Record Date i.e. Tuesday, June 30, 2026, as mentioned in the Letter of Offer;*
*#Subject to extinguishment of 54,00,000 Equity Shares accepted in the Buy-back;*

**4. MANAGER TO THE BUY-BACK**

SAFFRON energising ideas

**Saffron Capital Advisors Private Limited**
605, Sixth Floor, Centre Point, Andheri-Kurla Road, J. B. Nagar, Andheri (East), Mumbai - 400 059, Maharashtra, India.
**Tel. No.:** +91 22 49730394
**E-mail ID:** buybacks@saffronadvisor.com
**Investor Grievance E-mail ID:** investorgrievance@saffronadvisor.com
**Website:** www.saffronadvisor.com
**Corporate Identification Number:** U67120MH2007PTC166711
**SEBI Registration Number:** INM000011211
**Contact Person:** Saurabh Gaikwad/ Satej Darde

**5. DIRECTOR'S RESPONSIBILITY**

As per Regulation 24(i)(a) of the SEBI Buy-back Regulations, the Board of Directors of the Company accepts full responsibility for the information contained in this Post Buy-back Public Advertisement and confirms that the information included herein contains true, factual and material information and does not contain any misleading information. This Post Buy-back Public Advertisement is issued under the authority of the Buy-back Committee in terms of the resolution passed by the Buy-back Committee on July 20, 2026.

**FOR AND ON BEHALF OF THE BOARD OF DIRECTORS OF PATEL INTEGRATED LOGISTICS LIMITED**

| Sd/- **Mahesh Fogla** | Sd/- **Vikas Porwal** | Sd/- **Avinash Paul Raj** |
|---|---|---|
| Executive Director<br>**DIN:** 05157688 | Executive Director<br>**DIN:** 10382199 | Company Secretary & Compliance Officer<br>**ICSI Membership Number:** A21483 |

**Place:** Mumbai
**Date:** July 20, 2026

THE BUSINESS DAILY FOR DAILY BUSINESS
FINANCIAL EXPRESS

### तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने जनजीवन किया बेहाल

# मानसून की बेरुखी से फसलों पर छाया संकट



धूप से बचाव करते राहगीर। फोटो : पीयूष

**चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)।** जिले में इस बार मानसून की बेरुखी से आमजन और किसान बेहद परेशान हैं। जुलाई का महीना अब अपने अंतिम चरण में है, लेकिन औसत से काफी कम बारिश होने के कारण जिलेभर में चिंता की स्थिति बनी हुई है। बारिश की लंबी खींच से जहां एक ओर खरीफकी फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। जिले में मानसून की शुरुआती सुगबुगाहट के बाद मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। किसानों ने बुवाई तो कर दी थी, लेकिन पानी के अभाव में अब फसलें मुरझाने लगी हैं।

मक्का, सोयाबीन, मूंगफली और दलहनी फसलों को इस समय पानी की सख्त आवश्यकता है। बारिश नहीं होने से खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं होती है, तो फसलों का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हो सकता है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जिले के छोटे-बड़े लगभग सभी प्रमुख बांध और जलस्रोत इस समय सूखे या जलस्तर के न्यूनतम स्तर पर पड़े हैं। मानसूनी बारिश नहीं होने के कारण बांधों में नाममात्र का ही कैचमेंट वाटर आया है। जलाशयों के खाली रहने से न केवल सिंचाई के लिए पानी की किल्लत होगी, बल्कि आने वाले दिनों में भूजल स्तर गिरने से पेयजल का गंभीर संकट भी खड़ा हो सकता है। जुलाई माह में आमतौर पर रिमझिम और मूसलाधार बारिश से मौसम सुहावना रहता है, लेकिन इस बार हालात इसके विपरीत हैं। सुबह से ही कड़क धूप और भारी उमस के कारण लोग पसीने से तर–बतर हो रहे हैं। जिले के किसान और आम नागरिक अब ईश्वर से अच्छी बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं। मौसम विभाग के अगले पूर्वानुमानों और बादलों की ओर हर किसी की टकटकी लगी हुई है, ताकि चित्तौड़गढ़ की प्यासी धरती और फसलों को नवजीवन मिल सके। इस मौसम के कारण अस्पतालों में मौसमी बीमारियों, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। जिले के किसान और आम नागरिक अब ईश्वर से अच्छी बारिश की प्रार्थना कर रहे है।

### खेरोदा में ग्रामीणों ने बारिश को लेकर किया हवन-यज्ञ

**खेरोदा (प्रातःकाल संवाददाता)।** खेरोदा क्षेत्र में लगातार बारिश नहीं होने से चिंतित ग्रामीणों ने कस्बे के चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान किया। गांव के गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ संपन्न हुआ। इसके बाद भगवान श्री चारभुजानाथजी और माताजी को पारंपरिक चूरमा का भोग लगाया गया तथा क्षेत्र में अच्छी बारिश, खुशहाली, सुख-समृद्धि और उत्तम फसल की कामना की गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष अपेक्षित बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं। खेतों में बुवाई के बाद पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण फसलों पर प्रतिकूल असर की आशंका बनी हुई है। इसी को लेकर गांव की सुख-शांति और समय पर अच्छी बारिश की मंगल कामना के लिए यह सामूहिक अनुष्ठान आयोजित किया गया था। हवन-यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र को हरा-भरा बनाने और किसानों की मेहनत सफल होने की प्रार्थना की। अनुष्ठान के संपन्न होने के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 23 तक

**गंगापुर (प्रातःकाल संवाददाता)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गंगापुर में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

संस्थान के सहायक निदेशक बुद्धि प्रकाश जीनगर ने बताया कि एनसीवीटी योजना के अंतर्गत फिटर, इलेक्ट्रीशियन, सिलाई टेक्नोलॉजी, वेल्डर, मैकेनिकल डीजल सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए आवेदन 15 जुलाई से प्रारंभ हो चुके हैं, जिनकी अंतिम तिथि 23 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि महिला अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का अवसर मिलेगा। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 24 जुलाई तक प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की जाएगी, जबकि प्रथम सीट आवंटन 28 जुलाई को किया जाएगा।

## कपासन नगरपालिका ने खरीदा नया ट्रैक्टर

**कपासन (प्रातःकाल संवाददाता)।** नगरपालिका कपासन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत क्रय किए गए नवीन ट्रैक्टर को विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने पूजा अर्चना एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोमवार सायं आयोजित कार्यक्रम में विधायक जीनगर ने नवीन ट्रैक्टर की पूजा अर्चना की। पंडित राजेन्द्र व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। विधायक जीनगर ने हरी झंडी दिखाकर ट्रैक्टर को रवाना किया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी खेमराजसिंह गुर्जर, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, मंडल महामंत्री सोहनलाल खटीक निवर्तमान पार्षद अशोक विजयवर्गीय, मुकेश पलोड़, गोपाल पुरबिया, तरुण बारेगामा, चालक गोपाललाल आदि उपस्थित थे।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR**

No.NIT/2026-27/4868-77 | ई-निविदा सूचना संख्या 247/2026-27 | Date: 20.07.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|
| SITC of VRV Air Conditioning System in Remaining area of New IPD & Dialysis Block at MG Hospital, Bhilwara. **UBN: RRC2627WSOB00395** | 292.58 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक


# अवैध बजरी खनन पर ग्रामीणों का अल्टीमेटम



### आरक्षित भूमि बचाने को एकजुट हुए ग्रामीण

**राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)।** मोही कस्बे की बनास नदी में श्मशान घाट के लिए आरक्षित भूमि के आसपास कथित अवैध बजरी खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते लीज क्षेत्र से बाहर देर रात अवैध रूप से बजरी का दोहन किया जा रहा है। बिना रॉयल्टी ट्रैक्टरों से बजरी परिवहन होने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बनास नदी स्थित श्मशान घाट के आसपास की भूमि को गांव के लोगों ने सुरक्षित रखा हुआ है। यदि यहां से बजरी का दोहन जारी रहा तो भविष्य में श्मशान घाट का अस्तित्व ही समाप्त होने का खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी बजरी लीज धारक का विरोध कर सीमा से बाहर खनन नहीं करने का आश्वासन लिया गया थाए लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग रात के समय कथित रूप से अवैध बजरी खनन कर रहे हैं। सोमवार को मोही के ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और चेतावनी दी कि यदि श्मशान घाट के आसपास या लीज सीमा से बाहर बजरी का दोहन किया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मोही उप प्रशासक दिग्विजय सिंह भाटी, यादवेंद्र सिंह भाटी, पूर्व सरपंच जगदीश चंद्र तेली, राजावास के पूर्व सरपंच बाबूलाल खारोल, देवनारायण तेली, रमेश चंद्र टांक, गोपाल टांक, कैलाश चंद्र तेली, कालूराम कीर, सोहनलाल, सुरेश चंद्र शर्मा, नारायणलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# छात्रावासों में घटिया खाद्यान्न आपूर्ति को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने जिले के विभिन्न राजकीय जनजातीय छात्रावासों में छात्रों को दिए जा रहे खराब और गुणवत्ताहीन राशन के विरोध में प्रदेश सचिव राहुल कटारा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में हॉस्टलों की अव्यवस्थाओं और छात्रों के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ पर चिंता जताई गई है।

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में जिले के विभिन्न राजकीय जनजातीय छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने पर छात्र–छात्राओं को दी जाने वाली राशन सामग्री में भारी अनियमितताएं और बेहद घटिया स्तर का खाद्यान्न पाया गया जो कि चिंताजनक है। इन लोगों ने बताया कि छात्रावासों में वर्तमान में उपलब्ध गेहूं, चावल, मसाले और मिर्च की गुणवत्ता अत्यंत घटिया और निम्न स्तर की है अतः इसे तुरंत बदला जाए। साथ ही खाद्य या रसद विभाग की टीम भेजकर भोजन की तत्काल प्रयोगशाला जांच करवाने, सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छ, पौष्टिक और उच्च गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध करवाने, जांच में खाद्यान्न की आपूर्ति या रखरखाव में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित वेंडर, जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की गयी। प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया।

ज्ञापन देने वालों में इकाई अध्यक्ष भवानी सिंह, अलकेश बारिया व हॉस्टल के छात्र गोपाल, अनिल रीतिक मईडा सहित संगठन पदाधिकारी शामिल रहे।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ऑटो चालकों का प्रदर्शन, निकाली रैली

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आज सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भीलवाड़ा जिला टेंपो यूनियन द्वारा शहर में एक वाहन रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों टेंपो चालकों ने हिस्सा लिया और जिला प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरी। यूनियन के पदाधिकारी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार सभी टेंपो चालक श्रम विभाग मैदान में एकत्रित हुए। यहाँ से टेंपो सहित वाहन रैली रवाना हुई, जो पांसल चौराहा, गंगापुर चौराहा, रेलवे फाटक, साबुन मार्ग, नगर निगम कार्यालय, कोतवाली रोड, रेलवे स्टेशन और सेशन कोर्ट जैसे शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली के दौरान वाहनों को व्यवस्थित रखने के लिए पार्किंग विद्युत कार्यालय वाली रोड पर की गई। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद टेंपो चालकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला मंत्री हरीश सुवालका ने कहा कि प्रशासन लंबे समय से टेंपो चालकों की जायज मांगों को नजरअंदाज कर रहा है, जिससे चालकों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शन के बाद यूनियन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।


### आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मनशिखा धर्मपत्नी श्री आशीष कुमार वैष्णव, जाति वैष्णव, निवासी 2/317, चित्रकुट नगर गोवरनमेन्ट कॉलोनी, श्याम नगर बी ब्लॉक, गिर्वा, उदयपुर, जिला उदयपुर से देवीलाल डांगी पिता नंदा जी डांगी, जाति डांगी आयु 40 वर्ष निवासी डांगियों का गुडा, लखावली, उदयपुर, जिला उदयपुर द्वारा एक पंजिकृत सामान्य अधिकार पत्र (पावर ऑफ एटोर्नी) देवीलाल डांगी द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित दिनांक 15/07/2026 एवं पंजिकृत दिनांक 16/07/2026 को उपपंजियक कार्यालय देलवाड़ा में पंजिकृत करवाई जिसके पंजीकरण संख्या 202601272001549 है। उसे मेरी कार्यार्थीया श्रीमती मनशिखा द्वारा दिनांक 17/07/2026 को ही विधिवत् रूप से निरस्त घोषित कर दिया गया है और जिसके निरस्तीकरण विलेख का भी पंजियन उपपंजियक कार्यालय देलवाड़ा में दिनांक 17/07/2026 को ही निष्पादित कर पंजीकृत करा दिया है जिसके दस्तावेज पंजीकरण संख्या 202601272001579 है। अतः उक्त दिनांक 17/07/2026 से उक्त पावर ऑफ एटोर्नी पुर्णतः निरस्त एवं प्रभावहीन है। उक्त सामान्य अधिकार पत्र (पावर ऑफ एटोर्नी) के आधार पर सम्बन्धित व्यक्ति को मेरी तरफ से किसी भी प्रकार का कार्य लेन देन, विक्रय हस्तांतरण विलेख अनुबंध अथवा अन्य कोई कार्य करने का कोई हक अधिकार नहीं है। यदि कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय, फर्म, बैंक ईत्यादि उक्त निरस्त सामान्य अधिकार पत्र (पावर ऑफ एटोर्नी) के आधार पर कोई लेन देन, विक्रय हस्तांतरण कार्य, संव्यवहार अनुबंध करता है तो वह पुर्णतः उसके अपने जोखिम उत्तरदायित्व एवं खर्च पर रहेगा और उसके लिये मेरी कार्यार्थी श्रीमती मनशिखा किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी और वह दस्तावेज मेरे कार्यार्थीया के हक अधिकारों के मुकाबले बेजा, बेअसर एवं शुन्य माना जायेगा। सो सूचित रहे।

स्थान : नाथद्वारा — संदीप कुमार सनाढ्य-एडवोकेट
दिनांक : 20/07/2026 — ऑफिस- मकान नं. 75, मीरा नगर, नाथद्वारा तह. नाथद्वारा जिला राजसमंद, मो. 9352903455


# प्राचार्य समागम में कुलगुरु ने दिए गुणवत्ता, अनुशासन और छात्र-केंद्रित शिक्षा के मंत्र



**बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों का प्राचार्य समागम कार्यक्रम हुआ। कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने महाविद्यालयों को शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासित प्रशासन एवं विद्यार्थी–केंद्रित शिक्षा की दिशा में कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी सभी नियमों, अधिसूचनाओं एवं दिशा–निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना, विद्यार्थियों की शिकायतों ग्रिवेन्स का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण करना तथा परीक्षा प्रणाली का समयबद्ध एवं त्रुटिरहित संचालन प्रत्येक संस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के सभी प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन करते हुए शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं परीक्षा संबंधी कार्य निर्धारित समय–सीमा में संपादित किए जाएं। कुलगुरु ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, कौशलयुक्त, नवाचारी एवं रोजगारोन्मुख बनाना है।

इसके लिए छात्र–केंद्रित शिक्षण पद्धति अपनाई जाए तथा कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता, इंटर्नशिप, डिजिटल शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा, नैतिक मूल्यों, स्थानीय ज्ञान एवं जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाने पर भी बल दिया।

# लालूराम अध्यक्ष व अरविंद जिलामंत्री मनोनीत

**धरियावद (प्रातःकाल संवाददाता)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा जिला कार्यकारिणी चुनाव को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय के पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में साधारण सभा का आयोजन किया गया। महासंघ के विधानानुसार प्रांतीय निकाय द्वारा जिले के शीर्ष पांच पदों पर मनोनयन के साथ ही पूर्ण कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी एवं संभाग उपाध्यक्ष बलवंत बामनिया ने नवमनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की। इसमें लालूराम मीणा को जिलाध्यक्ष, अरविन्द कुमार शर्मा को जिलामंत्री, मान सिंह देवड़ा को कोषाध्यक्ष, कैलाश देवी मीणा को महिला जिला उपाध्यक्ष तथा दिलीप कुमार मीणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

## विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)।** विधायक दीप्ती माहेश्वरी ने मेंघटिया गांव में विधायक मद से सात लाख रूपये की लागत से बना सामुदायिक भवन लोकार्पण किया। इस दौरान भामाशाह नरेंद्रसिंह आशिया का व उनकी पुत्री चित्रांशी आशिया का विधायक ने सम्मान किया। ग्रामीणों ने समस्याओं को बताया। जिस पर विधायक ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान भैरुनाथ देवरे के भोपाजी हजारी गाडरी का विधायक ने साफा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान ब्रजराज सिंह आशिया, प्रभु सिंह आशिया, सुमेर सिंह आशिया, भैरूसिंह आशिया, भैरूलाल रेबारी, शिवराज सिंह दिग्विजय सिंह भाटी मोही, सम्पतनाथ चौहान फतेहपुरा, मांगीलाल कुमावत एमड़ी व राजेंद्र देराश्री भाटोली आदि उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य के चलते आवागमन रहेगा बाधित

**कपासन (प्रातःकाल संवाददाता)।** नगरपालिका कपासन की ओर से बालारड़ा मार्ग पर सुलभ कॉम्पलेक्स के पास क्रॉस निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है, जिसके चलते उक्त मार्ग पर आवागमन बाधित रहेगा।

नगरपालिका प्रशासन ने आमजन से उक्त मार्ग बंद रहने के चलते वैकल्पिक मार्ग के लिए गुलाबसागर की पाल पर होते हुए राज्यमार्ग पर जाने वाले रास्ते का उपयोग करने का आग्रह किया है।

## विद्यालय में हुआ रैंबो वीक का शुभारंभ

**नाथद्वारा (प्रातःकाल संवाददाता)।** सनराइज एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाथद्वारा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रैंबो वीक का शुभारंभ बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। रैंबो वीक के प्रथम दिवस 'रेड डे' कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से द्वितीय कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर लाल रंग की छटा से सराबोर दिखाई दिया। सभी नन्हे–मुन्ने विद्यार्थी आकर्षक लाल रंग की वेशभूषा (रेड ड्रेस) पहनकर विद्यालय पहुंचे। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा लाल रंग की थीम के अनुसार सजाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को लाल रंग का महत्व उसके दैनिक जीवन में उपयोग तथा विभिन्न वस्तुओं की पहचान करवाई।


**CENTRUM HOUSING FINANCE LIMITED** — peoplehome

पंजीकृत कार्यालय : यूनिट नंबर 301, तीसरी मंजिल, हरभजन कमर्शियल प्रेमिसेस को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सीएसटी रोड, बीपीसीएल पेट्रोल पम्प के सामने, कलिना, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई-400098.
CIN: U65922MH2016PLC273826

### कब्जा सूचना

(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के परिशिष्ट IV को नियम 8(1) और नियम 8(2) के साथ पढ़ा जाए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करता है। कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को मांग नोटिस जारी किया जाता है। उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संविदात्मक ब्याज, दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि के साथ नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि चुकानी होगी। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्ति पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **कब्जा** कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अनुबंधात्मक ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि के साथ शुल्क के अधीन होगा।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं./उधारकर्ता(ओं)/ सह-उधारकर्ता(ओं) के नाम | सुरक्षित सम्पत्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि और कुल बकाया राशि (रू.) | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **UDRBW24015259** धीरज हरिजन/ रीना धीरज | अचल संपत्ति के अधिकार, भाग और अंश में, आराजी सं. 2001, पट्टा सं. 09, वार्ड सं. 05 माप 2000 वर्गफीट, डूगरी बस्ती, ग्राम व ग्राम पंचायत बडोदिया, पंचायत समिति- बागीदौरा, जिला- बांसवाड़ा-327604, राजस्थान। **सीमाएँ :-** पूर्व : सीसी सड़क, पश्चिम : मोहन पुत्र हीरा का मकान, उत्तर : सीसी सड़क, दक्षिण : पंकज पुत्र रामा हरिजन का मकान | **27-जनवरी-26/ रू. 5,96,896/- (रूपये पांच लाख छियानवे हजार आठ सौ छियानवे मात्र)** | 16-07-2026 |
| 2 | **UDRBW23013772** भैरू लाल/ गीता यादव | अचल संपत्ति के अधिकार, भाग और अंश में, सर्वे सं. 347, पट्टा सं. 7, माप 471.5 वर्गफीट, ग्राम व ग्राम पंचायत- डूंगरिया तहसील घाटोल, जिला- बांसवाड़ा-327027, राजस्थान। **सीमाएँ :-** पूर्व : मन्दिर, पश्चिम : सड़क, उत्तर : स्वयं की भूमि, दक्षिण : जीवा पुत्र प्रताप का मकान | **31-दिसम्बर-25/ रू. 7,45,900/- (रूपये सात लाख पेंतालीस हजार नौ सौ मात्र)** | 16-07-2026 |
| 2 | **UDRBW23011289** नारिया डामोर/ हजाना देवी | अचल संपत्ति के अधिकार, भाग और अंश में, आराजी सं. 1772, पट्टा सं. 06, माप 6650 वर्गफीट, ग्राम व ग्राम पंचायत- पाडोली राठोर तहसील घाटोल, जिला- बांसवाड़ा-327001, राजस्थान। **सीमाएँ :-** पूर्व : मणिलाल का मकान, पश्चिम : खाली भूमि, उत्तर : शंकर का मकान, दक्षिण : सड़क | **09-अप्रैल-26/ रू. 5,49,909/- (रूपये पांच लाख उनपचास हजार नौ सौ नौ मात्र)** | 16-07-2026 |

दिनांक : 21.07.2026/ स्थान : राजस्थान — हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, वास्ते सेन्ट्रम हाउसिंग फाईनेन्स लि.



## पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

सीआईएन : L24211RJ1946PLC000469
**पंजीकृत कार्यालय:** उदयसागर रोड, उदयपुर–313001 (राजस्थान)
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट संख्या 3ए, पहली मंज़िल, द ओआरबी, सीटीएस संख्या 1483डी, आईए प्रोजैक्ट रोड, जेडब्ल्यू मैरियट होटल के साथ में, सहार, गाँव मरोल, तालुका, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400099, महाराष्ट्र
**ईमेल आईडी:** investor@piind.com, **वैबसाइट:** www.piindustries.com
**फोन:** 0294–6651100

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो–विज़ुअल माध्यम ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित होने वाली 79वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि पीआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की 79वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') **शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 को प्रातः 10:30 बजे (आईएसटी)** वीसी / ओएवीएम के माध्यम से, कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों ('अधिनियम'), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ('सेबी सूचीबद्धता विनियम') तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों, जिनमें 22 सितंबर 2025 दिनांकित नवीनतम एमसीए परिपत्र तथा सेबी द्वारा जारी परिपत्र, जहाँ लागू हों, शामिल हैं, के अनुपालन में आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए एजीएम की सूचना और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रॉनिक प्रतियां सोमवार, 20 जुलाई, 2026 को उन सभी सदस्यों को भेज दी गई हैं, जिनके ई–मेल पते कंपनी / केफिन टैक्नोलॉज़ीज लिमिटेड ('केफिन'), एक इश्यू के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') / डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट्स ('डीपी') / डिपॉज़िटरी के साथ पंजीकृत हैं। सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, उन शेयरधारकों को संचार पत्र भेजा गया था जिनकी ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें वैब–लिंक और कंपनी की वैबसाइट का सटीक पथ शामिल था जहां से एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचा जा सकता है। एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के साथ नोटिस की भौतिक प्रति केवल उन्हीं सदस्यों को भेजी जाएगी जो विशेष रूप से investor@piind.com पर लिखकर इसका अनुरोध करेंगे। इसके अतिरिक्त, एजीएम में किए जाने वाले व्यवसाय के मदों से संबंधित दस्तावेज़ एजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। एजीएम की सूचना और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वैबसाइट https://www.piindustries.com/investor/disclosure/agm/ पर, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों अर्थात बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com पर, और केफिन की वैबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध हैं।

केवल वे सदस्य, जिनके नाम **'कट–ऑफ तिथि'** यानी **शुक्रवार, 07 अगस्त, 2026** को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी मालिकों की सूची में दर्ज हैं, एजीएम के नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर मतदान करने के हकदार होंगे। कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और एजीएम नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि के अनुसार शेयर रखता है, वह अपने पंजीकृत ईमेल आईडी से evoting@kfintech.com या टोल फ्री नंबर 1800 309 4001 पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

**एजीएम में रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग का विवरण:**
कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 44 के साथ पढ़े गए अधिनियम की धारा 108 के संदर्भ में, कंपनी अपने सदस्यों को इलैक्ट्रॉनिक माध्यम से एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य इस संचार में उल्लिखित तिथियों पर इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ('रिमोट ई–वोटिंग') और एजीएम में इलैक्ट्रॉनिक माध्यम ('एजीएम में ई–वोटिंग') का उपयोग करके, दूरस्थ रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके सदस्यों द्वारा वोट डालने की सुविधा केफिन द्वारा प्रदान की जाएगी।
रिमोट ई–वोटिंग का विवरण इस प्रकार है:

| | |
|---|---|
| रिमोट ई–वोटिंग की शुरूआत | सोमवार, 10 अगस्त, 2026 (सुबह 9.00 बजे आईएसटी) |
| रिमोट ई–वोटिंग की समाप्ति | गुरुवार, 13 अगस्त, 2026 (शाम 5.00 बजे आईएसटी) |

एजीएम में ई–वोटिंग एजीएम की समाप्ति के बाद 15 मिनट तक खुली रखी जाएगी। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
उपरोक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी, और उपरोक्त अवधि की समाप्ति पर रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को केफिन द्वारा तुरंत अक्षम कर दिया जाएगा। एक बार किसी प्रस्ताव पर वोट प्रस्तुत करने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
सदस्य https://emeetings.kfintech.com. पर जाकर एजीएम में भाग ले सकेंगे। इसके अलावा, एजीएम में शामिल होने और रिमोट ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम के नोटिस में प्रदान की गई है।

**वक्ता के रूप में पंजीकरण करने और अपने प्रश्न पोस्ट करने की प्रक्रिया:**
जो सदस्य बैठक के दौरान बोलना चाहते हैं, वे अपने विचार व्यक्त करने के लिए एजीएम के वक्ता के रूप में खुद को पंजीकृत कर सकते हैं या https://emeetings.kfintech.com पर लॉग इन करके और 09 अगस्त, 2026 को सुबह 09:00 बजे (आईएसटी), 10 अगस्त, 2026 को शाम 05:00 बजे (आईएसटी), तक की अवधि के दौरान 'स्पीकर पंजीकरण' या 'अपनी क्वेरी पोस्ट करें' टैब पर क्लिक करके investor@piind.com पर पहले से ही अपने प्रश्न/टिप्पणियां भेज सकते हैं।
एजीएम के लिए समय की उपलब्धता के आधार पर कंपनी एजीएम के दौरान विचार किए जाने वाले प्रश्नों की संख्या और वक्ताओं की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। इसके अलावा इसके लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम के नोटिस में दी गई है।

**ई–वोटिंग सुविधा की निगरानी के लिए संवीक्षक:**
कंपनी ने ई–वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए श्री आशीष के फ्रेंड्स, कंपनी सेक्रेटरी इन प्रैक्टिस को 'स्क्रूटिनाइज़र' के रूप में नियुक्त किया है।

**एजीएम में घोषित होने पर, इलेक्ट्रॉनिक रूप से लाभांश प्राप्त करने के लिए बैंक विवरण सहित केवाईसी पंजीकृत करने का तरीका:**

| | |
|---|---|
| **भौतिक होल्डिंग** | भौतिक धारणभौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने इलैक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सेवा (ईसीएस) या किसी अन्य माध्यम से सीधे अपने बैंक खातों में लाभांश प्राप्त करने के लिए अपना ई–मेल पता और/या बैंक खाता विवरण पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे निम्नलिखित विवरणों को पंजीकृत या अद्यतन करने के लिए, उसमें निर्धारित स्व–सत्यापित सहायक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर –1 जमा करें:<br>क. पैन, केवाईसी विवरणय<br>ख. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सीधे अपने खाते में लाभांश प्राप्त करने के लिए बैंक खाते का विवरण या उनके पते में परिवर्तनय और<br>ग. एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट और नोटिस और अन्य संचार सहित इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों से संचार प्राप्त करने के लिए ई–मेल पता।<br>उक्त फॉर्म कंपनी की वैबसाइट https://www.piindustries.com/investor/shareholder-information/other-information/faqs/investor-forms/ की वैबसाइट https://ris.kfintech.com/clientservices/investors/isrs.aspx पर उपलब्ध है। सदस्यों के पास केफिन की किसी भी शाखा में विधिवत भरा हुआ फॉर्म आईएसआर –1 जमा करने का विकल्प है, जिसका विवरण https://www.kfintech.com/contact-us/ पर उपलब्ध है या https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx# लिंक पर जाकर अपेक्षित दस्तावेज़ों के साथ ई–हस्ताक्षरित फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं या भौतिक फॉर्म निम्नलिखित पते पर डाक के माध्यम से भेजे जा सकते हैं:<br><br>**केफिन टैक्नोलॉज़ीज लिमिटेड**<br>इकाई: पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड<br>सेलेनियम बिल्डिंग, टावर–बी, प्लॉट नंबर 31 और 32,<br>वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली,<br>हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत – 500 032 |
| **अभौतिकीकृत होल्डिंग** | अभौतिकीकृत मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे लाभांश प्राप्त करने में देरी से बचने के लिए डीपी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके अपने डीपी के साथ अपने उपरोक्त विवरण अपडेट करें। |

**लाभांश संबंधी जानकारी:**
कंपनी के निदेशक मंडल ने मंगलवार, 19 मई, 2026 को हुई बैठक में वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। अंतिम लाभांश का विवरण इस प्रकार है:

| | |
|---|---|
| लाभांश की दर | प्रत्येक इक्विटी शेयर पर रु. 10/– |
| रिकॉर्ड तिथि | शुक्रवार, 07 अगस्त 2026 |
| लाभांश भुगतान तिथि | 12 सितंबर, 2026 को या उससे पहले |

**लाभांश पर स्रोत पर कर कटौती के निर्देश:**
आयकर अधिनियम, 2025 के अनुसार, लाभांश आय सदस्यों के हाथों में करयोग्य होगी, और इसलिए कंपनी को अंतिम लाभांश के भुगतान के समय स्रोत पर कर ('टीडीएस') काटना आवश्यक होगा। लागू टीडीएस दर, यदि कोई हो, का निर्धारण करने में कंपनी को सक्षम बनाने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे लागू टीडीएस प्रावधानों के अनुपालन के उद्देश्य से मंगलवार, 4 अगस्त, 2026 को या उससे पहले सभी आवश्यक दस्तावेज़ ईमेल के माध्यम से investor@piind.com या einward.ris@kfintech.com पर भेजें। इसका विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना का हिस्सा होगी।
कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त तिथि के बाद कर निर्धारण/कटौती पर कोई संचार या दस्तावेज़ीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।
ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न और/या शिकायत के मामले में, सदस्य केफिन की वैबसाइट https://evoting.kfintech.com पर उपलब्ध सहायता अनुभाग, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का उल्लेख कर सकते हैं। इसके अलावा, सदस्य ई–वोटिंग संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए नीचे दिए गए संपर्क विवरण पर संपर्क कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| **श्री शशिधर मन्नावा**<br>उपाध्यक्ष<br>**केफिन टेक्नोलॉज़ीज लिमिटेड**<br>इकाई: पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड<br>सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर–बी,<br>प्लॉट नंबर 31 और 32,<br>वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली<br>हैदराबाद, तेलंगाना, भारत – 500032<br>ई–मेल आईडी: einward.ris@kfintech.com<br>टोल फ्री नंबर 1800–309–4001 | **सुश्री श्रुति जोशी**<br>कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी<br>**पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**<br>यूनिट नं. 3ए, पहली मंजिल, ओआरबी,<br>सीटीएस नं. 1483, डी, आईए प्रोजेक्ट रोड़ जेडब्ल्यू मैरियट होटल के बगल में, सहार, गांव, तालुका, मरोल, अंधेरी, पूर्व, मुंबई,<br>महाराष्ट्र – 400099<br>ईमेल आईडी: investor@piind.com<br>फोन नंबर 022 62665600 |

**लाभांश संबंधी जानकारी:**
उपरोक्त जानकारी कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और समय–समय पर जारी एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में है।

कृते **पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**
हस्ता/–
**श्रुति जोशी**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**स्थान :** मुम्बई
**दिनांक:** जुलाई 20, 2026